Dainik Bhaskar (Indore), 28th October 2022, P-05

IIT में 366 छात्रों के साथ बीटेक की 14वीं बैच शुरू

भास्कर संवाददाता | इंदौर

आईआईटी इंदौर में गुरुवार को बीटेक की 14वीं बैच शुरू हुई। इसमें कुल 366 छात्रों ने अपना बीटेक का शैक्षणिक सफर शुरू किया। इनमें 77 छात्राएं व 289 छात्र हैं। वहीं 9 विद्यार्थी पिछले साल से प्रिपरेटरी लिया गया है। ये विद्यार्थी 5 ब्रांच के हैं। इनमें कम्प्यूटर साइंस के 82, इलेक्ट्रिकल के 84, मैकेनिकल के 89, सिविल के 55 और धातुकर्म इंजीनियरिंग और सामग्री विज्ञान ब्रांच के 56 विद्यार्थी शामिल हैं। अब तीन दिन तक सभी विद्यार्थियों का अलग-अलग विभागों के साथ ओरिएंटेशन होगा। छात्रों के बीच मेलजोल बढ़ाने के लिए योग, वॉकेथॉन, टीम बिल्डिंग एक्सरसाइज सहित कई गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

विद्यार्थी कम से कम एक ऐसा प्रोजेक्ट लें, जो समाज की जरूरत को पूरा करे

गुरुवार को हुए ओरिएंटेशन प्रोग्राम में आईआईटी इंदौर के निदेशक प्रो. सुहास जोशी ने कहा कि छात्रों को यह समझना बेहद जरूरी है कि वह यहां किसी वजह से हैं। समाज की जरूरतों को पूरा करना हमारी जवाबदारी है। इसलिए ऐसे नवाचार करें, जिससे समाज के हर तबके के लिए मददगार साबित हो सकें। उन्होंने छात्रों से आग्रह किया कि वे कम से कम एक ऐसा प्रोजेक्ट जरूर लें जो समाज की जरूरतों को पूरा करे। इसके साथ ही उन्होंने छात्रों को खेलकूद की गतिविधियों में रुचि लेने और स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने का सुझाव दिया।